**HEALTHY BIRTH DAY, INC.**

**(*aka* COUNT THE KICKS)**

**इस्तेमाल की शर्तें**

जुलाई 9, 2018 से प्रभावी।

## परिचय

501(c)(3) लाभ अर्जित न करने वाले संगठन - Healthy Birth Day, Inc. का मिशन Count the Kicks जन स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के माध्यम से मृतशिशु के जन्म की संख्या में प्रभावशाली तरीके से कमी लाना है। Count the Kicks भावी माता-पिता को तीसरी तिमाही में भ्रूण की हरकत (movement) की टोह लेने का महत्व, और तरीका बताता है। गर्भवती महिलाओं के पास अपने शिशु की हरकत के तरीके जानकर अपने शिशुओं को बचाने की ताकत है और यदि वे कोई बदलाव महसूस करती हैं, तो अपने डॉक्टर को बताने का अधिकार रखती हैं। उपयोग की निम्नलिखित शर्तें हमारे Count the Kicks ऐप के साथ आपकी परस्पर क्रिया को शासित करती हैं।

## उपयोग की शर्तों को स्वीकार करना

उपयोग की ये शर्तें आपके और कंपनी, इसकी सम्बद्ध और सहयोगी कंपनियों (**"कंपनी"** या **"हम"** या **"हमें"**) द्वारा और उनके बीच निर्धारित की जाती हैं। संदर्भ द्वारा स्पष्ट रूप से समाविष्ट किए गए किन्हीं दस्तावेज़ों के साथ निम्नलिखित नियम और शर्तें (सामूहिक रूप से, ये **"उपयोग की शर्तें"**), Count the Kicks ऐप या वेबसाइट www.countthekicks.org पर या उसके माध्यम से पेश की गईं सेवाओं, किसी विषयवस्तु, कार्यात्मकता सहित हमारे Count the Kicks ऐप (हमारा **"ऐप"**) तक आपकी पहुँच और इस्तेमाल को शासित करती हैं।

इस ऐप के उपयोग को आरंभ करने से पहले, कृपया उपयोग की शर्तों को ध्यान से पढ़ें। जब आपको यह विकल्प उपलब्ध हो तब इस ऐप का इस्तेमाल करके या उपयोग की शर्तों को स्वीकार करने या सहमत होने पर क्लिक करके, आप उपयोग की इन शर्तों और हमारी गोपनीयता नीति, यहाँ तलाशें, जिसे संदर्भ द्वारा यहाँ समाविष्ट किया गया है, को स्वीकार करती हैं और उससे सहमत होती हैं। यदि आप उपयोग की इन शर्तों या गोपनीयता नीति पर सहमत न हों, तो आपको ऐप तक पहुँच नहीं बनानी चाहिए या इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

यह ऐप उन प्रयोक्ताओं के लिए पेश किया गया है और उपलब्ध हो जिनकी आयु 16 वर्ष या अधिक है। इस ऐप का इस्तेमाल करके, आप प्रतिनिधित्व करती हैं और वारंटी देती हैं कि आप पात्रता की पहले बताई गईं सारी अपेक्षाओं को पूरा करती हैं। यदि आप इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं करतीं, तो आपको इस ऐप को अक्सेस नहीं करना चाहिए या इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन के उद्देश्य से, डेटा नियंत्रक और EU प्रतिनिधि वेस्ट डेस मॉइन्स (West Des Moines), आयोवा का QCI है जिनकी संपर्क जानकारी नीचे तलाशी जा सकती है।

इन उपयोग की शर्तों में शुरू से अंत तक, हम यूरोपीय संघ (EU), यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (EEA) और स्विटज़रलैंड के देशों का संदर्भ देने के लिए **"निर्दिष्ट देश (Designated Countries)"** शब्द का इस्तेमाल करते हैं। यदि आप निर्दिष्ट देश में रहती हैं, तो आपके अनेक अधिकार हैं, जिनके बारे में हम चाहते हैं कि आप अवगत हों। जहाँ लागू होंगे, इन अधिकारों को निर्दिष्ट देशों के संदर्भ से इंगित किया जाएगा।

## उपयोग की शर्तों में बदलाव

हम अपने विवेक से समय-समय पर उपयोग की इन शर्तों को संशोधित और अपडेट कर सकते हैं। सारे बदलाव तुरंत प्रभावी होंगे जब हम उन्हें पोस्ट करते हैं और उसके बाद वेबसाइट तक सारी पहुँच और उपयोग पर लागू करते हैं। यदि हम उपयोग की इन शर्तों में कोई महत्वपूर्ण बदलाव करते हैं, तो हम आपको अपनी वेबसाइट या ऐप के माध्यम से या अन्य माध्यमों से नोटिस भेजते हैं, ताकि उनके प्रभावी होने से पहले आपको बदलावों की समीक्षा करने का अवसर प्रदान किया जा सके।

संशोधित उपयोग की शर्तों की पोस्टिंग के बाद आपके द्वारा ऐप के निरंतर इस्तेमाल का अर्थ है कि आप इन बदलावों को स्वीकार करती हैं और सहमत हैं। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप समय समय पर इस पृष्ठ की जांच करें, ताकि आप किसी भी बदलाव से परिचित हो सकें क्योंकि वे आप पर बाध्यकारी हैं।

## बाध्यताएं

यहाँ कुछ वायदे दिए गए हैं जो उपयोग की इन शर्तों को स्वीकार करके आप हमसे करते हैं।

### आपका खाता

यदि आप हमारे ऐप पर खाता बनाना चुनती हैं, तो आप निम्नलिखित से सहमत होती हैं:

- आप अपने पासवर्ड को गोपनीय रखेंगी।
- आप किसी अन्य के साथ खाते को साझा नहीं करेंगी और हमारे नियमों का पालन करेंगी, जिसमें उपयोग की ये शर्तें और हमारी गोपनीयता नीति तथा कानून शामिल हैं, लेकिन इतने तक ही सीमित नहीं है।
- आप किसी भी उस चीज़ के लिए जिम्मेदार हैं, जो आपके खाते के माध्यम से होता है जब तक कि आप इसे बंद न कर दें या इसके दुरुपयोग की सूचना न दें।
- आप स्वीकार करती हैं कि इस एप्लीकेशन में प्रदान की गई यह सूचना शैक्षिक प्रयोजनों के लिए है और रोग निदान या उपचार के लिए नहीं है। इस सूचना का इस्तेमाल अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के अनुसार करें।

## नोटिस और संदेश

हमारे ऐप पर अक्सेस करके आप निम्नलिखित से सहमत होती हैं:

- आप सहमति देती हैं कि हम अपने ऐप या सेवाओं के बारे में आपको नोटिस और संदेश प्रदान करेंगे। यदि आपकी संपर्क सूचना पुरानी हो गई है, तो आप महत्वपूर्ण नोटिस गंवा सकती हैं।
- आप सहमत होती हैं कि हम आपको निम्नलिखित तरीकों से नोटिस और संदेश प्रदान करेंगे: (1) ऐप के भीतर, या (2) आपके द्वारा प्रदान की गई संपर्क सूचना को भेजकर (जैसे कि ईमेल, मोबाइल नंबर, भौतिक पता)। आप अपनी संपर्क सूचना को अपटूडेट रखने पर सहमत होती हैं।
- आप सहमत होती हैं कि मृतशिशु का जन्म रोकने और शिशुओं को बचाने के मिशन के साथ, Healthy Birth Day, Inc. हमारे कार्यकर्मों को आगे बढ़ाने और इसकी प्रभावशीलता में सुधार करने के लक्ष्य के साथ, आपके किक काउंटिंग डेटा का अनुसंधान, मूल्यांकनों या अध्ययनों में इस्तेमाल कर सकती है।

## अधिकार और सीमाएं

## आपकी सूचनाओं पर आपका अधिकार है

आप हमें प्रदान की गई विषयवस्तु, फीडबैक और निजी जानकारी की स्वामी हैं। हम आपके द्वारा दी गई उस राय का सम्मान करेंगे कि हम आपकी सूचना का इस्तेमाल कैसे करें। आप और यह कंपनी सहमत हैं कि यदि आपकी किसी भी सूचना में निजी डेटा शामिल है, तो यह हमारी गोपनीयता नीति के अधीन है।

आप और यह कंपनी सहमत हैं कि हम किसी भी उस सूचना और निजी डेटा को अक्सेस, भंडारण, प्रॉसेस और इस्तेमाल कर सकते हैं जो आप हमारी गोपनीयता नीति की शर्तों के अनुसार हमें प्रदान करती हैं।

आप केवल वही जानकारी देने के लिए सहमत हैं जो कानून का या किसी के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करतीं (बौद्धिक संपदा अधिकारों सहित)। आप इस पर भी सहमत हैं कि आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी सच्ची होगी। कंपनी से कानून द्वारा कुछ सूचनाओं को हटाना अपेक्षित हो सकता है।

## अन्य विषयवस्तु, साइटें और ऐप

हमारे ऐप या सेवाओं का इस्तेमाल करके, आपका सामना किसी ऐसी विषयवस्तु या सूचना से हो सकता है जो गलत, अधूरी, विलंबित, गुमराह करने वाली, गैर-कानूनी, आक्रामक या अन्यथा हानिकारक हो सकती हो। हम हमेशा ही अपनी सेवाओं के इस दुरुपयोग को नहीं रोक सकते और आप सहमत हैं कि हम ऐसे किसी भी दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

आप यह निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार हैं कि क्या आप ऐसे तृतीय पक्षकार के ऐप या वेबसाइटों को अक्सेस करना या इस्तेमाल करना चाहती हैं, जो हमारी वेबसाइटों या सेवाओं से लिंक हो सकती हों। यदि आप किसी तृतीय पक्षकार के ऐप या वेबसाइट को आपको प्रामाणिक ठहराने की अनुमति देती हैं, तो वह ऐप या वेबसाइट आपसे संबंधित सूचना तक पहुँच सकती है। तृतीय पक्षकार के ऐप और वेबसाइटों की उनकी अपनी कानूनी शर्तें और गोपनीयता नीतियाँ होती हैं, और आप दूसरों को अपनी सूचना का उस तरह इस्तेमाल करने की अनुमति दे रही होती हैं, जिस तरह हम नहीं देंगे। सीमित हद को छोड़कर, लागू कानून द्वारा ऐसा अपेक्षित हो सकता है, कंपनी इन अन्य वेबसाइटों और ऐप के लिए उत्तरदायी नहीं है—इन्हें खुद अपने जोखिम पर इस्तेमाल करें। कृपया हमारी गोपनीयता नीति देखें।

## सीमाएं

कंपनी के पास हमारे ऐप या सेवाओं का आपके द्वारा किए जाने वाले इस्तेमाल को सीमित करने का अधिकार है जिसमें आपके कनेक्शन का नंबर शामिल है। यदि कंपनी को विश्वास है कि आप उपयोग की इन शर्तों, हमारी गोपनीयता नीति या कानून का उल्लंघन कर रहीं हैं, या वेबसाइट या हमारी सेवाओं का दुरुपयोग कर रही हैं, तो कंपनी के पास आपके खाते को प्रतिबंधित, निलंबित या समाप्त करने का अधिकार है।

## बौद्धिक संपदा अधिकार

इस कंपनी के पास अपने ऐप और सेवाओं में सारे बौद्धिक संपदा अधिकार हैं। इस ऐप या सेवाओं का इस्तेमाल, हमारी सेवाओं या विषयवस्तु या हमारे ऐप या सेवाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई गई सूचनाओं में आपको कोई स्वामित्व नहीं देता। ऐप या सेवाओं के संबंध में प्रयुक्त ट्रेडमार्क और लोगो उनके संबंधित मालिकों के ट्रेडमार्क हैं।

## स्वचालित प्रॉसेसिंग

हम उस सूचना और डेटा का इस्तेमाल करेंगे जिसे आप हमें प्रदान करती हैं, और जिसे हम आपके लिए उपयोगी हो सकने वाले कनेक्शनों, विषयवस्तु और विशेषताओं के लिए सिफारिशें करने हेतु आपके बारे में प्राप्त करते हैं। उदाहरण के लिए, हम आपको उत्पादों की सिफारिश करने के लिए डेटा और सूचनाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं। आपकी सूचना को सटीक और अपडेट रखना इन सिफारिशों को ज्यादा सटीक और संगत बनाने में हमारी मदद करता है।

## दावे का परित्याग और दायित्व की सीमा

## कोई वारंटी नहीं

कानून के अंतर्गत अनुमत सीमा तक, यह कंपनी और इसकी सम्बद्ध कंपनियाँ (और वे जिनके साथ सेवाएं प्रदान करने के लिए कंपनी काम करती है) (क) सभी प्रच्छन्न वारंटियों और अभ्यावेदनों का दावा अस्वीकार करती है (जैसे कि वाणिज्यिकता (MERCHANTABILITY) की वारंटियाँ, किसी प्रयोजन विशेष के लिए उपयुक्तता, डेटा की सटीकता, और उल्लंघन न होना), (ख)

यह गारंटी नहीं देतीं कि सेवाएं बिना किसी बाधा या त्रुटि के काम करेंगीं और (ग) “जैसी हैं” और “जैसी उपलब्ध हैं” के आधार पर सेवा (विषयवस्तु और सूचना सहित) प्रदान करेंगी।

कुछ कानून विशिष्ट दावे के परित्याग की अनुमति नहीं देते, इसलिए हो सकता है कि कुछ या ये सारे दावे का परित्याग आप पर लागू न हों।

## दायित्व से छूट

कानून द्वारा अनुमत सीमा तक (और जब तक कंपनी किसी ऐसे अलग लिखित करार न कर ले जो इस अनुबंध को निरस्त करता हो) यह कंपनी और इसकी सम्बद्ध कंपनियाँ (और वे जिनके साथ सेवाएं प्रदान करने के लिए कंपनी काम करती है) इन सेवाओं से संबंधित किसी अप्रत्यक्ष, संयोगवश, विशेष, परिणामस्वरूप या दंडात्मक क्षतियों, या किसी डेटा, अवसर, प्रतिष्ठा, लाभ या राजस्व के नुकसान के लिए आपके या दूसरों के प्रति उत्तरदायी नहीं होंगी (जैसे कि अपमानजनक या मानहानि वाले वक्तव्य, डाउन टाइम या नुकसान, आपकी सूचना या विषयवस्तु का प्रयोग या बदलाव)।

किसी भी स्थिति में कंपनी और इसकी सम्बद्ध कंपनियों (और वे जिनके साथ सेवाएं प्रदान करने के लिए कंपनी काम करती है) का दायित्व औसत रूप में, सारे दावों के लिए, उस राशि से ज्यादा नहीं होगा जो (क) किसी सेवा के लिए आपके द्वारा भुगतान किए गए सबसे हाल के मासिक या वार्षिक शुल्क से पाँच गुने से या (ख) $1000 USD से कम हो।

दायित्व की सीमा आपके और कंपनी के बीच सौदे के आधार का भाग है और दायित्व के सभी दावों पर लागू होगी (जैसे कि वारंटी, नुकसान, लापरवाही, अनुबंध, कानून) और भले ही कंपनी और इसकी सम्बद्ध कंपनियों को ऐसी किसी क्षति के संभावना के बारे बता दिया गया हो और भले ही ये समाधान अपने अनिवार्य प्रयोजन में विफल हो जाएं।

कुछ कानून दायित्व की सीमा या उससे छूट की अनुमति नहीं देते, इसलिए हो सकता है कि ये सीमाएं आप पर लागू न हों।

### समापन

आप और कंपनी, दोनों एक दूसरे को नोटिस देकर किसी भी समय उपयोग की इन शर्तों के तहत अपने करार को समाप्त कर सकते हैं। समापन पर, आप अक्सेस के अधिकार या सेवाओं के इस्तेमाल को गंवा सकती हैं। निम्नलिखित समापन से बचे रहेंगे:

- आपकी फीडबैक का इस्तेमाल और उसका खुलासा करने के हमारे अधिकार;
- उपयोग की इन शर्तों की निम्नलिखित धाराएं: दावे का परित्याग और दायित्व की सीमा; शासी कानून और विवाद समाधान; और सामान्य शर्तें;
- समापन से पहले प्रत्येक पक्षकार के स्वामित्व की मात्राएं,
  समापन के बाद उनके ही स्वामित्व में रहेंगी।

यदि आपने कोई खाता बनाया है, तो आप अपने खाते को बंद करने के लिए नीचे दी गई संपर्क सूचनाओं का इस्तेमाल करते हुए हमसे संपर्क कर सकती हैं।

## शासी कानून और विवाद समाधान

ऐसी संभावना प्राय: नहीं होती है कि हम कानूनी विवाद पर आकर समापन करें, फिर भी कंपनी और आप आयोवा कानून का इस्तेमाल करते हुए आयोवा अदालतों या अमेरिकी कानून का इस्तेमाल करते हुए अमेरिकी अदालतों में इसे सुलझाने पर सहमत हैं।

## सामान्य शर्तें

यदि उपयोग की इन शर्तों पर अधिकार रखने वाली अदालत को लगता है कि उसका कोई हिस्सा लागू करने योग्य नहीं है, तो आप और हम सहमत हैं कि अदालत को इसकी अंतर्वस्तु को बनाए रखते हुए उस हिस्से को लागू करने योग्य बनाने के लिए इन शर्तों को संशोधित करना चाहिए। यदि अदालत ऐसा नहीं कर सकती, तो आप और हम उस लागू न करने योग्य हिस्से को हटाने के लिए और अब भी उपयोग की बाकी शर्तों को लागू करने के लिए अदालत से कहने पर सहमत हैं।

यह हम उपयोग की इन शर्तों के उल्लंघन को लागू करने के लिए कार्रवाई नहीं करते, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हमने इन उपयोग की शर्तों को लागू करने का अधिकार छोड़ दिया है। आप बिना हमारी सहमति के उपयोग की इन शर्तों के तहत अपने अधिकारों को किसी दूसरे को आबंटित या हस्तांतरित नहीं कर सकतीं। तथापि, आप सहमत हैं कि हम उपयोग की इन शर्तों के तहत अपने अधिकारों को अपने सहयोगियों या किसी उस पक्षकार को आबंटित कर सकते हैं, जो आपकी सहमति के बिना इस कंपनी को खरीदता है। कोई तृतीय पक्षकार उपयोग की इन शर्तों का लाभार्थी नहीं हैं।

आप सहमत हैं कि हमें कानूनी नोटिस देने का एकमात्र तरीका नीचे “संपर्क सूचनाएं” खंड में प्रदान किए गए पते पर भेजना है।

## संपर्क सूचनाएं

उपयोग की इन शर्तों के बारे में सारे प्रश्नों, टिप्पणियों और अनुरोधों को इस पते पर भेजा जाना चाहिए:

Healthy Birth Day, Inc.
ध्यानाकर्षण: कार्यकारी निदेशक (Executive Director)
PO Box 71093, Clive, IA 50325 USA
15.15.523.5666
info@countthekicks.org

सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन के प्रयोजनों के लिए, निर्दिष्ट देशों के निवासी उपयोग की इन शर्तों के बारे में सारे प्रश्नों, टिप्पणियों और अनुरोधों के साथ हमारे यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।

QCI
ध्यानाकर्षण: Count the Kicks ऐप डेवलपर
4300 Westown Pkwy Ste 150, West Des Moines, IA 50266
1.515.440.4960
sfinn@qci.com